
आनंद
चित्र
कथा
A-13
चाचाचक्रम
और
मोम
पुतले

इस सैट की पुस्तकें

चाचा चकरम और मोम के पुतले

मूल्य 5.50 रु०

का० शेखचिल्ली और खूनी षड्यंत्र

मूल्य 5.00

लाली डाली सीरीज
देश के दुश्मन

मूल्य 6 रु०

बंटी पिंटू सीरीज
काला नाग

मूल्य 5 रु०

प्रकाशिका - शारदा जैन * सम्पादक - आनन्द जैन
लेखक - प्रदीप कुमार शर्मा * चित्रांकन - भारती ग्रुप

प्रकाशक :- आनन्द चित्रकथा, प्रेमपुरी मेरठ, -2

चाचा चक्रम और मोम के पुतले
आओ हवाबाज! देखते हैं, कमिश्नर साहब को आज हमारी क्या जरूरत आ पड़ी जो हमें तुरन्त बुलाया है।
पुलिस कमिश्नर
आईये चाचा चक्रम---।
मैं आपका फोन मिलते ही चल पड़ा था।
धन्यवाद बैठिये।
आप एक महान जासूस है, आप पहले भी पुलिस की सहायता कर चुके हैं।
कहिये कैसे याद किया मुझे
इस बार हमें आपकी मदद की फिर जरूरत आ पड़ी है, आशा है आप---।

कानून की मदद - करना तो मेरा फर्ज है।
आप काम बताइये।
आपने प्रोफेसर आर्य का नाम तो सुना ही होगा।
सुभाष आर्य वह तो महान वैज्ञानिक है।
जी हाँ, वह कल एक अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में भाग लेने, भारत के प्रतिनिधि बन कर अमेरिका जा रहे है-।
यह सम्मान तो उन्हे मिलना ही चाहिये।
लेकिन हमें खतरा है कि कुछ लोग उनका अपहरण कर लेगे-।
ओह! लेकिन आपको खतरा क्यों है?
मैं आपको पूरी बात बताता हूँ, प्रोफेसर स्पेशल प्लेन द्वारा रवाना होगे। हमें धमकी मिली है कि प्लेन का अपहरण कर लिया जायेगा। हम चाहते हैं कि आप प्रोफेसर के साथ, उनकी सुरक्षा के लिये अमेरिका जायें।
यह धमकी आपको किसने दी है।
पत्र में अपराधी ने अपना नाम जोराल्ड लिखा है

किसी ने डराने के लिये ऐसा किया हो।
ऐसा लगता नहीं है।
हमें कोई भी जोखिम उठाने को त्यौर नहीं है।
आपका कहना बिलकुल ठीक है
तो आप अमेरिका जायेगें।
जरूर से इंकार का प्रश्न ही नही।
मगर एक शर्त है।
शर्त...।
मेरे साथ मेरे दोनो असिस्टेंट भी जायेंगे।
उनका भी इंतजाम हो जायेगा, चाचा !
आप सुबह सात बजे एयरपोर्ट पर पहुँच जायें।
ठीक है।
आपका धन्यवाद।
इसकी कोई जरूरत नहीं है आफिसर।

चलिये! मैं और मेरे साथी तैयार हैं।
सारा इंतजाम पूरा हो चुका है। प्रोफेसर प्लेन में पहुंचे चुके हैं। सिर्फ आपका इंतजार था !
सर क्या यह बंदर और कुत्ता भी प्लेन में साथ जायेगें।
ब··बचाओ··।
देखो मिस अगर फिर मेरे असिस्टंटो को तुमने कुत्ता या बन्दर कहा, तो यह घर तक तुम्हारा पिछा नहीं छोड़ेगे!
म··माफी··· चाहता हूँ।
मेरे ख्याल से प्लेन हाईजैक नहीं होगा··।
यह उन लोगो की खाली धमकी थी··।

अभी से क्या कहा जा सकता है प्रोफेसर साहब।
आपको क्या आशंका है ?
सर काफी।
तुम्हारा नाम क्या है ?
युसुफ. सर
पता नहीं यह इंसान कुछ अजीब सा लग रहा। है मुझे।
मजा आ गया।

काफी !
बहुत देर कर दी युसुफ हम तो काफी का इन्तजार कर रहे थे।
अरे. यह क्या ?
धांय
धांय
बचाओ ?
क्या हुआ ?
बचाओ।

युसुफ ने दोनो पायलेटो को गोली मार दी।
ओह!
हिलना मत वर्ना गोली मार दूंगा!
बच नहीं सकोगे. रिवालवर फैंक दो!
पीछे हटो!
पागल मत बनो, प्लेन लड़खड़ा रहा है! अगर संभला नहीं तो क्रेश हो जायेगा।
क्रेश होने दो
भौं भौं

अरे हवाबाज तो बेहोश हो गया। मैं तुम्हे छोड़ूंगा नही।
तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते, मिस्टर-चक्रम।
मै मशीनी इंसान हूँ।
मोम का इंसान
मोम का बना हुआ महान जोराल्ड का अविश्कार।
यह प्लेन इस समय जोराल्ड के कन्ट्रोल रूम से कन्ट्रोल हो रहा है यह क्रेश नही होगा।
इसका मतलब है प्लेन हाईजैक हो रहा है।

लेकिन मैं ऐसा नहीं होने दूगा
आप बिलकुल ठीक समझे, महान जेराल्ड अपनी हर धमकी को पूरा करते हैं।
आप रोक भी नहीं सकते. मुझे मेरे मालिक ने तुम्हे न मारने का हुक्म दिया था, वर्ना अभी तक तुम्हारी लाश यहॉ पर पड़ी होती।
मुझे विश्वास नही है कि यह मोम का बना है
रुक जाओ. वरना पछताना होगा।
तो यह बात है।

तड़ाक
इस पर तो कुछ भी असर नहीं हुआ
अब तुम नहीं बच सकोगे !
सड़ाप
ओह
धा य

यह तो गोली खा कर भी जिंदा है।
मुझे दूसरा फायर इसकी आंख पर करना चाहिये।
धा
धड़ाम
सर! पी 069 जिसम प्रसिद्ध वैज्ञानिक यात्रा कर रहे थे लगता---।

कुछ समय पहले तक पी.069 से सम्बंध बने हुये थे, सब ठीक था मगर----
क्या लगता है? मैसेज तो बराबर आ रहा है ना--।
धमाका.. क्या बकते हो.. नहीं ऐसा नही हो सकता तुम दुबारा कोशिश करो प्लेन क्रश नही हो सकता...।
स.. स.. सर पता नही क्यो, पी-069 से कोई भी जवाब नही आ रहा आपने ने एक धमाका सुना था
पी.069 अगर तुम मेरी आवाज सुन रहे हो तो जबाव, आवर, हैलो... हैलो पी069.. सर कोई जवाब नही आ रहा है।
दोबारा कोशिश करो...।
ओह-! फौरन ऊपर मैसेज भेजो, तुरन्त ही मीटिंग बुलाओ-।


धमाका ! मिस्टर चक्रम प्लेन क्रेश हो गया है। अब क्या होगा ।
यह विस्फोट उस मोम के पुतले के वजह से हुआ है।
मगर, मिस्टर चक्रम अब ।
यह पैराशूट को पहन लीजिये मैं दरवाजा खोलता हूँ। प्रोफेसर जल्दी कीजिये।

पता नहीं
हम कहाँ जाकर
गिरेगें।
प्रोफेसर
कहाँ है?
हमारे
साथ चलो!
यह तो हम एक
और मुसीबत में फंस
गये!
घबराइये
नही!
आप लोग
हिन्दुस्तानी है
हमारा
वंश भी तो
हेन्दुस्तानी है!
घबराईये नही!
आप यहीं हमारे मेहमान
बन कर रहेगें!
ईश्वर का धन्यवाद

यह लोग हमारे मेहमान हैं, इनके खाने और रहने का इंतजाम करो।
जो आज्ञा।
रात में---!
अरे यह शोर कैसा है?
आग!
आग!
आग!
आग!
आग!
आग!
बचाओ?
आग
भड़ाक
कोई भी अपनी जगह से नहीं हिलेगा।


कौन हो तुम?
हम महान जेराल्ड के सेवक हैं।
जेराल्ड?
हाँ, तुम लोग हमारे बन्दी हो
अगर हम इन्कार कर दे तब--।
हमे प्रोफेसर चाहिये तुम्हे तो हम गोली मार देगें!
ये ऐसा कर सकते हैं, मुझे तरकीब से काम लेना चाहिये!
तुम्हारे यहाँ कितने साथी हैं।
बको मत, मैं यहाँ गिनती बताने नही आया!
हम बन्दी बनने के लिये तैयार हैं।
ये तुम हम कहाँ ले जा रहे हो।
बस चलते जाओ!

अभी कितनी दूर और चलना होगा
बस आ गये समझो।
तो यह जोराल्ड का अड्डा है।
बन्दिओं को ले आये तुम...?
हाँ दरवाजा खोलो।
इन्हे महान जोराल्ड के पास ले जाओ।
चलो--!

वैलकम प्रोफेसर आर्या और मिस्टर चक्रम।
तो तुम हो जेराल्ड-।
आदर से बात करो मिस्टर चक्रम मैं दुनिया का भावी शासक हूँ।
सपना देखना बुरी बात नहीं है मगर सपना सपना होता है मिस्टर जेराल्ड।
प्रोफेसर आर्या आज के बाद तुम हमारे लिये काम करोगे।
यह भी एक सपना है।
मैं अपने देश के अलावा किसी और देश के लिये काम नही कर सकता।

देश से महान कोई नहीं है।
शाबास प्रोफेसर
मैं तुम्हे अपना करिश्मा दिखाता हूँ, उसके बाद तुम खुद मेरी महानता के सामने झुक जाओगे।
देखो!
मोम के पुतले!
ऐसे पुतले मैंने हजारों की संख्या में बनायें हैं जिन के सामने पूरी दुनिया की शक्ति भी तुच्छ है. एक दिन सारा संसार मेरे आगे झुकेगा---।
तुम कुत्ते वाली मौत मारे जाओगे।
प्रोफेसर अपना फैसला बताओ।

ऐसा लगता है ,कि मुझे दूसरे ढंग से काम लेना होगा ।
दूसरा ढंग--?
प्रोफेसर आर्या को टार्चर रूम में लेजाओ ।जासूस चक्रम व उसके दोनो साथिओ को बन्द करदो, सुबह को दोनो को गोली मार दो ।
ओ.के. बॉस
चलो----।
हमें दुःख है ।
पूरे देश में शोक सन्देश भिजवा दो---।

अभी-सूचना मिली है
कि विमान दुर्घटना में
प्रोफेसर आर्य--
और जासूस
चक्रम की मृत्य हो
गयी है--।
हाय--पापा--।
कैसे धैर्य रखूं रामू काका
उनके सिवा मेरा इस दुनिया
में कौन था--।
ईश्वर की
यही इच्छा थी-।
भड़ाक
तुम प्रोफेसर आर्य की
बेटी हो--?
तुम कौन हो?

अगर अपने पापा से मिलना चाहती हो तो हमारे साथ चलो--।
मगर पापा तो मर गये हैं--।
नही प्रोफेसर जिन्दा है-।
क्या सच में--!
मुझे तो यह धोकेबाज लगते हैं बेटी!
मैं नहीं जाऊँगी काका-।
हम तुम्हे ले कर ही जायेगे-।
तुम ऐसा नहीं कर सकते...चले जाओ-।
हट जा बुड्ढे-।
नहीं---।
धांय
आह...।

तुमने रामू काका को मार डाला--।
ओह
जल्दी से निकल चलो वरना फंस जायेंगे--।
बोलो---। तुम हमें अन्तरिक्ष ईंधन का फार्मूला बताते हो या नहीं---।
नहीं--!
प्रोफसर को बिजली का झटका दो--!
ओ.के. बॉस
ओह
उफ

अरे यह तो बेहोश हो गया है---।
परवाह नहीं, यह होश में आते ही बोलेगा।
उधर---
पता नहीं प्रोफेसर के साथ क्या बीत रही होगी-।
हमें तुरन्त यहाँ से निकलना चाहिये-।
तरकीब
चक्रम दोनो को समझाता है कि उन्हे क्या करना है।
हवाबाज व चीपू शोर मचाते हैं-।
ची
भौं भौं
चीं चीं चीं ची
भौं भौं भौं
सीबत आगई अब ?

अरे इस जासूस को क्या हुआ ?
मुझे दरवाजा खोल कर देखना चाहिये।
धोका भागो-।
हे भगवान,बचाओ-।
यम दूतो से बच कर कहाँ जाओगे

अगर तुमने मेरे सवालो का जवाब नहीं दिया तो मेरे साथी तुम्हारे चिथड़े उड़ा देगे--।
न---नहीं----!
शस्त्र कहाँ रखे जाते हैं--।
ब---बताता हूँ।
तुम्हारे लिये ये आखरी मौका है-- प्रोफेसर--।
ओ॰ के बॉस
उसे ले आओ--।
मैं कुछ नहीं बताऊँगा--।
प--प--पापा--।
ब-- बेटी--।
बोलो प्रोफसर, अपनी बेटी की जिन्दगी चाहते हो या मौत--।
मेरी खातिर देश से गद्दारी मत करना पापा

मैं औलाद के लिये देश के साथ गद्दारी नहीं करूगाँ।
हन्टरों से इसकी खाल उतार डालो।
ओह, पापा
सड़ाप
आह
अरे जालिमों भगवान से डरो।
सड़ाप
आह
सड़ाप
आह
धांय
आह मर गया

चक्रम--?
तुम्हारी कहानी खत्म हुई जोराल्ड
तुम बच नहीं सकोगे-चक्रम!
तुम्हारे सभी साथियो को मैं बेहोशी वाली गैस को फैला कर मैं बेहोश कर चुका हूँ---।
क्या मतलब?
बेकार है तुम्हारी मदद को इस समय कोइ भी नहीं आयेगा जोराल्ड।
तुम्हारे अडडे पर मैंने टाइम बम लगा दिया है--।
दस मिनट बाद यह जगह खंडहर बन जायेगी--।
यह नहीं हो सकता--।

तुम्हारे जैसे मुजरिमों का यही हाल होता है जोराल्ड--।
मैं तुम्हे जिन्दा नहीं छोड़ुगा. ये समझ रखना चांचा-चक्रम।
आ!
तड़ाक
प्रोफेसर को खोलो बेटी।
ओह, भाग गया--।



प्रोफेसर को लेकर निकल जाओ, चीपू तुम्हें रास्ता बताएगा।
मगर तुम..।
मेरी चिंता मत करो।
माइ गॉड, यह कुत्ता तो शेर से भी ज्यादा खुंखार है..।
शाबास बेटा हवाबाज।
हाय
आह..
तड़ाक

ऐसे भयानक मुजरिम को जिंदा मत छोड़ना बेटा हवाबाज--।
आओ अब हम भी चलते है, बेटा हवाबाज--।
इस भयानक जंगल में रास्ता कहाँ है ?
अरे-जहाज... भारतीय जहाज--।
उसका ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करो--।
ओ--ओ--
ए--ए--
अरे निचे कुछ लोग हैं।
शायद सहायता के लिये चिल्ला रहे है--।
लैंड करो !

यह तो अपने ही देशवासी हैं--।
आप जीवित है देखकर खुशी हुई!
हाँ, प्लेन क्रेश में हम बच गये थे।
हम लोग सर्वे कर रहे थे-- चलिये बैठिये--।
ओह-- अब हम अपने देश वापिस पहुँच जायेगें--।
अगले दिन--।

आगामी आकर्षण

चाचा चक्रम और मौत का देवता

120
Devender

का० शेख चिल्ली और जादुई पलंग

लाली डाली सीरीज़ अब क्या होगा

बन्टी पिन्टू और हीरों का हार

बच्चों और बड़ों
के लियें
सर्वोत्तम
उपहार
आनन्द चित्र कथा
आनन्द चित्र कथा आपके और आपके बच्चों के लिये ज्ञानवर्धक, मनोरंजक और जिज्ञासापूर्ण चित्र कथा है। आप स्वंय पढ़ कर देखिये हमारा दावा है, कि आनन्द चित्र कथा माला की कोई भी कथा पढ़ने के बाद आप और आपके बच्चे उसकी सारी चित्र कथाऐं पढ़ने को मजबूर हो जायेगें।
आनन्द चित्र कथा